तापमान
अधिकतम 32.9 डिग्री
न्यूनतम 15.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 14 मार्च 2026

12 भैंस चोरी का विरोध पड़ा भारी पशुपालक की हत्या ...



12 गेहूं व सरसों खरीद के लिए तैयारी करें अधिकारी



## खबर संक्षेप

### लोन की कार को मिली भगत से बेचने का आरोप

**यमुनानगर।** लोन पर खरीदी गई कार को मिलीभगत से किसी अन्य व्यक्ति को डिलीवर करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने जिला करनाल के गांव नगला मेघा निवासी विजय कुमार की शिकायत पर ऑटोमोबाइल एजेंसी के पांच कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। करनाल के गांव नगला मेघा निवासी विजय कुमार ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अक्टूबर 2025 में महिन्द्रा एंड महिन्द्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड से 5.36 लाख रुपये का लोन लेकर यमुनानगर स्थित शोरूम से बलेनो कार खरीदने की प्रक्रिया पूरी की थी। आरोप है कि लोन की राशि कंपनी द्वारा सीधे शोरूम के खाते में ट्रांसफर कर दी गई। लेकिन इसके बावजूद उसे गाड़ी नहीं दी गई।

### पंचायती भूमि से पेड़ काटने के आरोप में केस

**यमुनानगर।** गांव धौलरा में पंचायती भूमि पर खड़े पेड़ों को बगैर अनुमति के काटने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह मामला खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर दर्ज किया है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सिमरन ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव धौलरा की पंचायती भूमि पर पेड़ लगे हुए हैं। अज्ञात व्यक्ति ने पंचायती भूमि पर खड़े पेड़ों को बिना अनुमति के काट लिया है। जांच के दौरान पता चला कि यह पेड़ गांव धौलरा निवासी अमर सिंह ने काटे हैं।

### दुकान के गल्ले से डेढ़ लाख रुपये चोरी

**यमुनानगर।** शहर के महावीर चौक के पास स्थित कन्फेक्शनरी की दुकान के गल्ले से चोरों ने डेढ़ लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। शहर के मॉडल टाउन निवासी यशपाल शेट्टी ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शहर के महावीर चौक के पास कन्फेक्शनरी की दुकान है। 11 मार्च को रात 10 बजे वह दुकान बंद करके घर आ गया था। सुबह जब वह नौ बजे दुकान पर गया तो दुकान का गल्ला खुला पड़ा था और उसमें से करीब डेढ़ लाख रुपये गायब मिले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### गोदाम से हजारों रुपये का सामान चोरी

**यमुनानगर।** जगाधरी के गुलाब नगर स्थित गोदाम से चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज पर कार्रवाई शुरू कर दी। न्यू क्रिसचन कॉलोनी जगाधरी निवासी हिमांशु जैन ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गुलाब नगर में सामान के लिए गोदाम बनाया हुआ है। वह नौ मार्च को रात आठ बजे गोदाम से काम खत्म करवा कर घर आ गया था। अगले दिन सुबह जब आठ बजे गोदाम पर पहुंचा तो गोदाम से सामान गायब मिला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज पर कार्रवाई शुरू कर दी।

### अवैध तरीके से 1000 पेड़ कटवाएं, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना के रकबे से पेड़ों की अवैध कटाई करवाने की डीडीपीओ पानीपत राजेश शर्मा ने इसराना थाना पुलिस में इसराना के सरपंच राजेश जागलान उर्फ लाकडपाड और ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस मामले की तफ्तीश में लगी हुई है। वहीं जल्द सरपंच राजेश जागलान को उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया के समक्ष अपना पक्ष रखना होगा। स्मरणीय है कि पानीपत सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं इसराना सरपंच राजेश जागलान के खिलाफ पेड़ों की अवैध कटाई करने की एफआईआर दर्ज है।

### एरिया को लेकर पुलिस कर्मियों की आपस में हुई बहस

# कुरुक्षेत्र: नहर में युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी

- सुबह स्थानीय लोगों ने नहर में शव तैरता हुआ देखा, पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाया।
- शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के गांवों के लोग मौके पर एकत्र हो गए
- मृतक की पहचान कराने के लिए पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की
- प्रारंभिक जांच में युवक की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गांव कैंथला खुर्द के समीप एसवाईएल नहर से एक युवक का शव बरामद हुआ। गोताखोर प्रगट सिंह व उनकी टीम ने शव को नहर से बाहर निकाला। शव के नहर में मिलने की सूचना मिलने पर थाना केयूके व ज्योतिसर चौकी की टीम पहुंचती है। दोनों टीमों के पुलिस कर्मियों में एरिया को लेकर बहस हो गई। जब पांच घंटे तक भी कोई निष्कर्ष नही निकला तो दोनों टीमें वहां से शव को लावारिस छोड़कर चली गई। मौके पर मौजूद एंबुलैंस भी शव को लिए बगैर वहां से चली गई। इसके बाद मामला जब उच्चाधिकारियों तक पहुंचा तो वहां पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचा और पुलिस की मौजूदगी में गोताखोर प्रगट सिंह व उनकी टीम ने शव को नहर से बाहर निकाला और पुलिस के सुपुर्द किया।

### युवक के पास से अस्पताल की पर्ची मिली, उसमें संदीप लिखा है

मृतक युवक के पास से जो अस्पताल की पर्ची मिली है उसमें संदीप कुमार लिखा हुआ है। मृतक युवक की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने इस तरह बहस करके सेवा सुरक्षा और सहयोग के स्लोगन को तार-तार किया है। गोताखोर प्रगट सिंह ने कहा कि एरिया को लेकर जो विवाद हुआ है वह निंदनीय है। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि वह दोपहर 12.30 बजे से अपना परिवार छोड़कर एक लावारिस शव की तलाश में लगा हुआ हूं लेकिन पुलिस उसे ऐसे ही लावारिस छोड़कर चली गई। शाम 5 बजे पुलिस की दोनों गाड़ियां शव को लावारिस छोड़कर चले गए। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि जब वे अपनी बाइक पर रखकर शव को ले जाने लगे तो ज्योतिसर पुलिस चौकी से पुलिस कर्मी आया और उसने कहा कि मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है। इसके बाद गोताखोर प्रगट सिंह ने शव को नहर से बाहर निकालकर पुलिस को सौंपा। गोताखोर प्रगट सिंह ने कहा कि इस घटना ने मानवता को तार-तार किया है।

### स्टोर मैनेजर की जेसीबी की चपेट में आने से मौत

**यमुनानगर।** शहर में प्लाइवुड फैक्ट्री के स्टोर मैनेजर की जेसीबी की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में काम के दौरान कर्मचारी का मोबाइल फोन नीचे गिर गया था और वह उसे उठाने के लिए झुका। इसी दौरान लापरवाही से चलाई जा रही जेसीबी मशीन उसके ऊपर चढ़ गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी जेसीबी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर के मॉडल टाउन निवासी चेतन सेखड़ी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 44 वर्षीय नितिन सेखड़ी प्लाइवुड फैक्ट्री में स्टोर मैनेजर के पद पर काम करता था। ड्यूटी पर मोबाइल फोन नीचे गिर गया। जब नितिन फोन उठाने के लिए नीचे झुका तो वह गिर गया। उसी समय फैक्ट्री में काम कर रही जेसीबी मशीन का ड्राइवर लापरवाही से नितिन के शरीर के निचले हिस्से पर चढ़ दिया। घायल को पीजीआई रेफर कर दिया। रास्ते में ही नितिन की मौत हो गई।

- फैक्ट्री में काम करने के दौरान हुआ हादसा

### महिला आयोग की अध्यक्ष ने महिलाओं के हालात की समीक्षा की

# नारी सुरक्षा व सम्मान हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे: रेनू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करतीं हुईं। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर महिलाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करना तथा उन्हें और अधिक प्रभावी बनाने के उपायों पर विचार करना रहा। बैठक के दौरान चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने पानीपत प्रशासन की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि जिले में महिला सुरक्षा और सम्मान को लेकर जो पहल की जा रही है, वह अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक है। रेनू भाटिया ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि महिलाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महिला सशक्तिकरण केवल योजनाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि जमीनी स्तर पर महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और अवसर मिलना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इधर, एसपी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और इस दिशा में लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



2 जून 2023 को वारदात को दिया था अंजाम

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक स्पैशल कोर्ट बलात्कार व पोक्सो एक्ट केस) की अदालत ने नाबालिग बच्ची के साथ गलत काम करने के आरोपी विक्रम उर्फ विक्की वासी भागल जिला कैथल को आजीवन कठोर कारावास व 2 लाख 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 2 जून 23 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में थाना शहर पेहवा वासी महिला ने बताया कि उसके 5 बच्चे हैं। दिनांक 2 जून 23 को सुबह के समय 7 बजे के करीब उसकी लड़की घर से बाहर खेलने के लिए गई थी। काफी देर होने पर जब वह वापस नहीं आई तो वह उसको ढूंढने के लिए इधर-उधर देखने लगी तभी उसको पता चला कि कुछ देर पहले पुलिस के घायल बच्ची को एलएनजेपी हस्पताल गई। उसके बाद वह थाने पहुंची और फोटो देखकर उसने अपनी लड़की को पहचान लिया। मेडिकल जांच में पता पता चला कि उसकी लड़की के साथ किसी नामालूम लड़के ने गलत काम किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। तब से कोर्ट में मामला विचाराधीन था।

### पानीपत में सीएम फ्लाइंग ने पटाखे की अवैध फैक्ट्री पकड़ी

**पानीपत।** मुख्यमंत्री के उड़न दस्ते यानी सीएम फ्लाइंग ने पानीपत के गांव राणा माजरा में अवैध तरीके से चलाई जा रही पटाखा फैक्ट्री पकड़ी है। सीएम फ्लाइंग में फैक्ट्री परिसर से बड़ी मात्रा में विभिन्न प्रकार के विस्फोटक, तैयार पटाखे आदि की खेप बरामद की है। वहीं सीएम फ्लाइंग की टीम को कमान कर राज सिंह की सूचना पर बिजली निगम, हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं फायर ब्रिगेड के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। जांच में फैक्ट्री से बरामद विस्फोटक एवं तैयार पटाखों के खेप को सील कर दिया गया है। वहीं जांच में पता चला कि फैक्ट्री में लगा बिजली का कनेक्शन भी अवैध है। मामले की जांच जारी है।

### 72 घंटे में सुलझाई लिफ्ट देकर बुजुर्ग से नकदी चोरी करने की वारदात

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने चोरी की वारदात को सुलझाते हुए बुजुर्ग व्यक्ति को लिफ्ट देकर नगदी चोरी के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने बुजुर्ग व्यक्ति को लिफ्ट देकर नगदी चोरी करने के आरोपी साहब सिंह उर्फ अरुण वासी जोडियां जिला यमुनानगर को गिरफ्तार करके 60 हजार रुपये बरामद करने में सफलता हासिल की है। 9 मार्च 26 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में बलबीर सिंह वासी गिलौर जिला यमुनानगर ने बताया वह खेती बाड़ी का काम करता है। 9 मार्च को वह लाडवा स्थित बैंक से घर के लिए 1 लाख रुपये निकालने आया था। उसने बैंक से रुपए निकालकर जेब में रख लिए और निजी काम के लिए लाडवा मार्किट में जाने लगा। उसी समय इंद्री चौंक के पास एक मोटरसाइकिल पर खड़े दो लडकों ने उससे मथाना जाने का रास्ता पूछा तो उसने बताया कि सीधे चले जाओ। आप कहां जा रहे हो उसने बताया की वह रामकुण्डी चौक जा रहा है।

### *पानीपत में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण ने माधव सृष्टि केंद्र में प्रदर्शनी का शुभारंभ किया*

# गुरु तेगबहादुर ने धर्म की रक्षा को सर्वस्व बलिदान दिया: डॉ. गोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा (पानीपत)



रोहतक। माधव सृष्टि केंद्र में विशेष प्रदर्शनी में गुरू तेगबहादुर को नमन करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल आदि।

पानीपत के गांव पट्टीकल्याणा स्थित माधव सृष्टि केंद्र में विशेष प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में नौवें सिख गुरु महान बलिदानी श्री गुरु तेगबहादुर जी के जीवन की झलकियां तथा हरियाणा प्रदेश के ऐतिहासिक, पौराणिक स्थलों के साथ विभिन्न महान विभूतियों के जीवन, विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को प्रदर्शित किया गया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने दीप प्रज्वलन कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने भारत माता और सिख गुरु श्री गुरु तेगबहादुर के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वहीं, माधव सृष्टि परिसर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक होने वाली है। प्रदर्शनी के चार प्रमुख भाग हैं, एक हिस्से में हरियाणा के महान स्वतंत्रता-सेनानी, वीर योद्धा, महान खिलाड़ियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त महान व्यक्तित्वों के चित्र एवं विवरण हैं। दूसरे भाग में सिख के नवम गुरु श्री गुरु तेगबहादुर के जीवन के अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों को चित्रों के माध्यम से दिखाया गया है। देश और समाज के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले श्री गुरु तेगबहादुर के बलिदान का यह 350 वां वर्ष है और इस अवसर पर यह प्रदर्शनी आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। इसके अतिरिक्त प्रदर्शनी में सरस्वती नदी तथा महान ग्रंथ भगवद्गीता से हरियाणा की भूमि के सनातन संबंध को दर्शाने वाली सामग्री भी प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी में हरियाणा में संघ कार्य के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दिवंगत स्वयं सेवकों के भी चित्र हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के दिवंगत प्रचारकों के चित्र व जीवन परिचय भी प्रदर्शनी में दिखाए गए हैं।

### बाइक सवार युवक ने महिला के कान से छीनी सोने की बाली

**यमुनानगर।** साढौरा की चूही मार मोहल्ला में बाइक सवार एक युवक ने महिला को रास्ते में रोककर उसकी सोने की बाली छीन ली। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बाइक सवार युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। साढौरा की चूही मार मोहल्ला निवासी आशा रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 10 मार्च को शाम चार बजे किसी काम से जा रही थी। रास्ते में उसे बाइक सवार एक युवक मिला। आरोपी ने रास्ता पूछने के बहाने से उसे रोक लिया। इस दौरान आरोपी ने मौका पाकर उसके कान से सोने की बाली झपट ली और मौके से फरार हो गया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया। मगर आरोपी भागने में कामयाब हो गया।

### *सरकार को 90 लाख रुपये की वित्तीय नुकसान पहुंचाने का आरोप*

## मैसर्स एसएम शराब के प्रोपराइटर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी में 90 लाख रुपए के डिमांड ड्राफ्ट से जुड़े मामले में धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला सामने आया है। आरोप है कि विभाग में जमा करवाया गया 90 लाख रुपये का डिमांड ड्राफ्ट सरकारी खजाने में जमा होने की बजाय वापस कैंसिल करवा कर फर्म के खाते में जमा करा दिया गया। जिससे सरकार को वित्तीय नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। आबकारी विभाग की शिकायत पर थाना शहर जगाधरी पुलिस ने मैसर्स एसएम वाइन के प्रोपराइटर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

आबकारी निरीक्षक मोहन सिंह राणा ने थाना शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मैसर्स एसएम वाइन के एल-वन लाइसेंस से जुड़ा एक ब्रीच केस बनाकर कार्यालय द्वारा सात नवंबर 2023 को कलेक्टर आबकारी कम संयुक्त आबकारी व कराधान आयुक्त हरियाणा पंचकूला को भेजा गया था। मामले में फर्म द्वारा अतिरिक्त आबकारी ड्यूटी, परमिट फीस और स्टॉक में अंतर की राशि के रूप में 90 लाख रुपये का डिमांड ड्राफ्ट विभाग में जमा करवाया गया था।

बाद में कलेक्टर आबकारी कम संयुक्त आबकारी व कराधान आयुक्त हरियाणा पंचकूला ने 20 नवंबर 2023 को इस मामले में दो करोड़ 55 लाख 16 हजार रुपये का जुर्माना लगाया और एल वन लाइसेंस रद्द कर दिया। इसके बाद फर्म मालिक ने इस फैसले के खिलाफ कोर्ट केस दायर किया।

### केयू में हेपेटाइटिस पर सेमिनार व पुरस्कार वितरण समारोह में बोले-कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा

# विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

विज्ञान, तकनीकी, इंजीनियरिंग, गणित सहित अन्य क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज के समय में महिलाओं की शक्ति केवल विज्ञान के क्षेत्र तक सीमित नहीं रही, बल्कि वे हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में महिलाओं का स्वस्थ रहना बेहद आवश्यक माना जा रहा है क्योंकि एक स्वस्थ महिला पूरे परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाती है। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने शुक्रवार को केयू सीनेट हॉल में केयू विस फोरम एवं केयू एलुमनी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में ह्यमहिलाओं में हेपेटाइटिस के संदर्भ में स्वास्थ्य जागरूकताह्न विषय पर आयोजित एक दिवसीय सेमिनार का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किए। सेमिनार का शुभारम्भ सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि यदि महिलाओं का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, तो वे समाज को बेहतर दिशा दे सकती हैं और देश के विकास में अधिक प्रभावी योगदान कर सकती हैं। वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में भी ह्यस्वास्थ्यह्न महत्वपूर्ण आधार माना गया है। स्वस्थ रहने और रोग-प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए स्ट्रीट फूड से परहेज करना, पौष्टिक और संतुलित आहार लेना, पर्याप्त नींद लेना और स्क्रीन पर बिताए जाने वाले समय को कम करना शामिल है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि एनईपी के अनुरूप विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए जिज्ञासा, तार्किक चिंतन एवं रचनात्मकता पर बल दिया गया है।

### हेपेटाइटिस से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी

केयू एलुमनी व प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रो. निरुपमा त्रेहनपति, मॉलिक्यूलर और सेलुलर मेडिसिन विभाग, इंस्टिट्यूट ऑफ लिवर एवं पित्त विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि हेपेटाइटिस से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी है। इसके साथ ही हेपेटाइटिस के बारे में जानकारी फैलाकर, टीकाकरण को बढ़ावा देकर, स्वच्छता बनाए रखकर और संतुलित पोषण सुनिश्चित करके, हम महिलाओं के लिए स्वास्थ्य जोखिमों को काफी हद तक कम कर सकते हैं और एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं।

### साइंस कार्निवल के विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत

कार्यक्रम के दौरान कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा, प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रो. निरुपमा त्रेहनपति सहित सभी अतिथियों ने साइंस कार्निवल के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। भाषण प्रतियोगिता के यूजी प्रतिभागियों में पहला स्थान, निखिल, दूसरा ऋषिता तोमर व तीसरा आयशा ने प्राप्त किया। वहीं पीजी प्रतिभागियों में पहला स्थान प्रियांशी, दूसरा खुशी व तीसरा प्राची ने हासिल किया। पोस्टर प्रतियोगिता के यूजी प्रतिभागियों में पहला स्थान ऋषिता तोमर, दूसरा निकिता तथा तीसरा शीतल ने प्राप्त किया। पीजी प्रतिभागियों में प्रथम स्थान खुशबु धीमान, दूसरा खुशी व तीसरा जसमीत कौर ने प्राप्त किया। स्लोगन में यूजी प्रतिभागियों में पहला स्थान ऋषिता तोमर व दूसरा स्थान पारस यादव ने प्राप्त किया। पीजी प्रतिभागियों में पहला स्थान सिमरनदीप, दूसरा प्रियांशी व तीसरा स्थान खुशी ने प्राप्त किया।

### 100 ग्राम हेरोइन के साथ नशातस्कर काबू

**यमुनानगर।** लाखों रुपये की हेरोइन के साथ जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने एक नशातस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिस ने सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है। जिसकी बाजार में कीमत करीब पांच लाख बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है। एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक युवक भारी मात्रा में नशीले पदार्थ लेकर कलानौर के रास्ते यूपी से यमुनानगर जिले में प्रवेश करेगा। पुलिस टीम ने संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ की गई। शक के आधार पर मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट एईटीओ अंकित को बुलाया गया। उनके सामने युवक की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 100 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान इंदिरा आवास कॉलोनी निवासी बलविंदर सिंह के रूप में हुई है।

## खबर संक्षेप

### पानीपत ब्लॉक उपाध्यक्ष के पक्ष में शपथ पत्र दिए

**पानीपत।** पानीपत ब्लॉक समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को वाइस चेयरमैन अमिता के पक्ष में शपथ पत्र दे दिया है। बता दें की ब्लॉक समिति अध्यक्ष दीपक राणा की हार्ट अटैक के कारण मौत हो गई थी। जिसके बाद वाइस चेयरमैन पर असहमति जताते हुए 28 में से 19 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव दिया था। वहीं शुक्रवार को 19 में से 7 ब्लॉक समिति सदस्यों अनिल कुमार गांव कुटानी, रविंदर निंबरी, पूजा रानी राजाखेड़ी, बिजेंद्र बाबरपुर, अनिल कुमार उग्राखेड़ी, जयकरण महमदपुर, सीमा बबैल ने वाइस चेयरमैन के पक्ष में उपायुक्त को शपथ पत्र दिया है। वहीं, अब अमिता के पक्ष में 28 में से 17 मेंबर हो गए हैं। डीसी ने मेंबरों का प्रस्ताव लेकर डीडीपीओ को जिम्मेदारी सौंप दी है। इस मौके पर मार्किट कमेटी पानीपत के चेयरमैन अवतार शास्त्री भी मौजूद रहे।

### छात्रों को संस्कारी बनाती है शिक्षण संस्थाएं : आर्य

**पानीपत।** आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के निर्देशन में आर्य बाल भारती स्कूल के सभागार में विद्यालय की नई विद्यालय प्रबंधन समिति ने कार्यभार ग्रहण किया। एडवोकेट रणदीप आर्य को समिति का प्रधान, जगदीश आर्य को उप प्रधान, सुखबीर आर्य को प्रबंधक व रतन शर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जबकि दीपांशु जागलान, वीरेंद्र पाढ़ा, वेद मित्र और कृष्ण कुमार ने सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि पानीपत में आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक द्वारा संचालित आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल और आर्य कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल सहित सभी तीनों विद्यालयों की नई कार्यकारिणियों ने अपना-अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।

### एसडी कॉलेज में एनुएल एथलेटिक मीट का आयोजन

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता 2026 का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं, प्रतियोगिता का शुभारंभ्ज विश्व कब्बडी चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता और ख्याति प्राप्त कबड्डी रेडर प्रदीप नरवाल ने किया। वहीं, प्रदीप नरवाल का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा और शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो सुशीला बेनीवाल ने पुष्प रोपित गमले और शॉल भेंट कर किया। प्रतियोगिता के प्रारम्भ में खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट में भाग लिया।

### छात्रों ने उच्चारण व रिदम सुधारने का ज्ञान लिया

**पानीपत।** आईबी कॉलेज के प्लेसमेंट एवं कैरियर गाइडेंस प्रकोष्ठ तथा मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन हुआ। वहीं, सत्र के दौरान विद्यार्थियों को सिखाया गया कि बोलने से पहले विचारों को सरल संरचना में व्यवस्थित करना कितना आवश्यक है। उच्चारण की स्पष्टता के लिए बुनियादी फोनेटिक जागरूकता पर अभ्यास कराया गया। साथ ही दैनिक एवं प्रोफेशनल बातचीत के लिए उपयोगी फंक्शनल वोकेबुलरी पर विशेष बल दिया गया। शैडोइंग तकनीक के माध्यम से उच्चारण, टोन और रिदम सुधारने की विधि भी बताई गई।

### निगम टीम ने रेलवे मार्ग पर फल व सब्जी की दुकानों का किया निरीक्षण

# शहर में स्वच्छता के लिए सफाई व्यवस्था का रखें ध्यानः कुमार

**निरीक्षण के दौरान निगम की टीम ने रेलवे रोड पर स्थित निजी अस्पताल को दिए सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर निगम की टीम ने शहर के रेलवे मार्ग स्थित निजी अस्पताल और दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम का नेतृत्व अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार व मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी अभिश्रूति ने किया।

नगर निगम की टीम अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार के नेतृत्व में सबसे पहले रेलवे रोड स्थित निजी अस्पताल में पहुंची। इस दौरान टीम ने अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था और अस्पताल से निकलने वाले कचरे के निस्तारण की स्थिति का जायजा लिया। निगम अधिकारियों ने अस्पताल के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि अस्पताल से निकलने वाले कचरे का निर्धारित नियमों और मानकों के अनुसार उचित निस्तारण नहीं किया जा रहा था। कुछ स्थानों पर कचरे के प्रबंधन में लापरवाही भी देखने को मिली जो स्वच्छता नियमों का उल्लंघन है। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल प्रबंधन को सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल से निकलने वाले सभी प्रकार के कचरे का निस्तारण निर्धारित नियमों और मानकों के अनुसार ही किया जाए। ताकि पर्यावरण और आम जनता के स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्वच्छता नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल व हरजीत सिंह ने अस्पताल प्रबंधन को भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा सामने आने पर और कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी देते हुए कहा कि कचरा निस्तारण की व्यवस्था को तुरंत सुधारते हुए स्वच्छता नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत शहर के सभी संस्थानों, अस्पतालों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में स्वच्छता नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। यदि किसी भी स्थान पर नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित संस्थान के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने शहरवासियों से क्षेत्र में साफ-सफाई रखने का भी आह्वान किया।

मौके पर स्वच्छ भारत मिशन शहरी के सलाहकार लोकेश सेन, आईईसी विशेषज्ञ आकाश कुमार, सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा, प्रदीप दहिया, अजीत कुमार, सतबीर सिंह व पवन कुमार आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** रेलवे मार्ग पर फल व सब्जी विक्रेताओं को समझाते अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### फलों और सब्जी की दुकानों का निरीक्षण कर स्वच्छता का दिया संदेश

नगर निगम के अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने बताया कि अस्पताल के निरीक्षण के बाद रेलवे मार्ग स्थित फल व सब्जी की दुकानों का भी निरीक्षण किया। निगम की टीम ने निरीक्षण के दौरान फल व सब्जी विक्रेताओं को भी सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने, डस्टबिन का प्रयोग करने व खुले में कचरा न फैलाने के प्रति समझाया गया। उन्होंने सभी दुकानदारों से साफ-सफाई करने का आह्वान किया।

# फिशिंग, हैकिंग एवं डेटा चोरी पर किया जागरूक



रादौर। कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी।

- जेएमआईईटीआई कॉलेज में साइबर सिक्योरिटी पर हुई दो दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में साइबर सिक्योरिटी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को बढ़ते डिजिटल युग में साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा उनसे बचाव के उपायों की जानकारी देना था। कार्यशाला के मुख्य रूप से डॉ. अनुप गिरधर मौजूद रहे। डॉ. अनूज शेडयूलिटी सॉल्यूशंस टेक्नोलॉजीज के फाउंडर साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेटर साइबर सिक्योरिटी कंसल्टेंट, साइबर टाइम्स न्यूजपेपर व साइबर टाइम्स इंटरनेशनल के एडिटर इन चीफ हैं। गिरधर ने विद्यार्थियों को साइबर सिक्योरिटी के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में इंटरनेट और डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। उन्होंने विद्यार्थियों को फिशिंग, हैकिंग, ऑनलाइन फ्राड, डेटा चोरी, सोशल मीडिया के जुड़े खतरों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मजबूत पासवर्ड, टू.फैक्टर ऑर्थेटिकेशन, सुरक्षित ब्राउजिंग व डिजिटल जागरूकता अपनाकर साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। विद्यार्थियों ने इस सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया और साइबर सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. गिरधर ने विस्तार से उत्तर दिया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा अवसर पर कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी होती हैं, क्योंकि इससे उन्हें तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी प्राप्त होती है।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट नहीं होगी सहन

- उपायुक्त कार्यालय में जिलास्तरीय सलाहाकार समिति (खाद्य सुरक्षा) की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में जिलास्तरीय सलाहाकार समिति (खाद्य सुरक्षा) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होंने अधिकारियों को खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा विषय को जहन में रखते हुए राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय सलाहकार समितियों का गठन किया गया है। इस बैठक में नागरिकों को अच्छी गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ मिले। इस विषय को सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही खाद्य पदार्थों में मिलावट करने या नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी है। इसके लिए सभी विभागों को जीरो टोरलैंस पॉलिसी पर काम करना होगा। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में अलग अलग जगहों पर अलग अलग प्रतिष्ठानों से नियमित रूप से सैम्पल लिए जाएं।



**यमुनानगर।** बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति।

#### मुस्तैदी से अधिकारी करें ड्यूटी का निर्वाहन

उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करेने के निर्देश दिए। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, डीएसपी कंवलजीत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्र सिंह, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अमित कुमार व जिला कार्यकारी अधिकारी मिक्षा रंगा और डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. वागीश गुटैन व ज्वाइंट डायरेक्टर डीआईसी ललित कुमार आदि मौजूद रहे।

# मस्ती के रूप में नशे का सेवन कर जिंदगी को छोटी न करें युवा : गोयल

- एसपी ने युवाओं से किया नशा न करने और यातायात नियमों का पालन करने का आहवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नशा जैसी बुराई से दूर रखने व यातायात के नियमों की पालना के लिए जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस की टीमों द्वारा युवाओं व नागरिकों को नशा नहीं करने और यातायात के नियमों की पालना करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि नशा आदि का सेवन करके थोड़ी मस्ती के चक्कर में जिंदगी का सफर छोटा नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को आहवान किया कि वह नशा जैसी बुराई से दूर रहें और यातायात नियमों की पालना करें। उन्होंने बताया कि क्षणिक आनंद और मस्ती के लिए नशे का सहारा लेना व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। जिनके कारण कई दर्दनाक सड़क दुर्घटनाएं सामने आती हैं।



**यमुनानगर।** नशे से दूर रहने का आह्वान करते एसपी। *फोटो : हरिभूमि*

#### बच्चों को नहीं दें वाहन

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने लोगों से अपने बच्चों को दोपहिया व चारपहिया वाहन नहीं चलाने देने के लिए आहवान किया है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में वाहन चलाना कानूनन अपराध है और यह उनके जीवन के साथ साथ दूसरों की सुरक्षा के लिए भी बेहद खतरनाक साबित हो सकता है। एसपी कमलदीप गोयल ने सभी नागरिकों से नशे से पूरी तरह दूर रहने, यातायात नियमों का पालन करने और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाए जाने के लिए अनुरोध किया है।

### शिविर में जांचा 84 ग्रामीणों का स्वास्थ्य



**यमुनानगर।** गांव सांगीपुर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

**रादौर।** नवीन जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में गांव धौलरा व सांगीपुर में मोबाइल मेडिकल यूनिट के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. पूर्णमल के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने 84 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। वहीं, दो दर्जन से अधिक ग्रामीमों के रक्त व यूरिन के टेस्ट किए गए। मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सकों की टीम ने दोनों स्थानों पर मरीजों की जांच कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार परामर्श दिया। स्थानीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा स्वस्थ रादौर अभियान के अंतर्गत लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उनका मानना है कि किसी भी ग्रामीण या आम नागरिक को इलाज के लिए चक्कर न लगाने पड़ें और आर्थिक कारणों से कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे। मोबाइल मेडिकल यूनिट इसी सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है।

# घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का जिले में पर्याप्त स्टॉकः सिंगला

- जिला उपभोक्ता मामले नियंत्रक नितिन सिंगला ने किया अफवाहों पर ध्यान नहीं देने का आहवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला खाद्य एवं पूर्ति विभाग ने जिलेवासियों को आहवान किया है कि मध्य पूर्व की वर्तमान परिस्थितियों के कारण एलपीजी आपूर्ति सुचारु रुप से जारी है। आम जनता को सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों द्वारा फैलाई जा रही एलपीजी आपूर्ति बाधित होने की अफवाहों पर कतई ध्यान देने की जरुरत नहीं है। जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टाक है।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक नितिन सिंगला ने कहा कि मध्य पूर्व की वर्तमान परिस्थितियों के कारण एलपीजीआपूर्ति बाधित होने की जो भी अफवाहें सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैलाई जा रही हैं यह पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी सिलेन्डरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सभी गैस एजेंसियों के पास मांग के अनुसार उचित मात्रा में सिलेंडर मौजूद हैं। आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है। केन्द्र सरकार और तेल कम्पनियों के माध्यम से गैस की आपूर्ति निरंतर जारी है। जिले में आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है।

#### आम जनता अफवाहों पर न दें ध्यान

जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक नितिन सिंगला ने कहा कि नागरिक किसी भी प्रकार की अपुष्ट खबरों या अफवाहों पर विश्वास न करें। जमाखोरी (होर्डिंग) न करें। उन्होंने लोगों से अनावश्यक रूप से सिलेन्डरों का भंडारण नहीं करने के लिए अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि घरेलू गैस सिलेन्डर का अवैध भंडारण न केवल नियमों के विरूद्ध है। बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत खतरनाक है। पैनिक बुकिंग में से बचें। केवल जरूरत पड़ने पर ही सिलेन्डर बुक करें। उन्होंने कहा कि जिला खाद्य एवं पूर्ति विभाग स्थिति पर पूरी नजर बनाए हुए है। यदि कोई गैस एजेंसी संचालक कालाबाजारी या वितरण में अनियमितता बरतता पाया गया तो उसके विरूद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



**रादौर।** गांव घेसपुर में आयोजित शिविर में जानकारी देते विशेषज्ञ।

### शिविर में छात्रों को दी अग्निशमन सेवाओं की जानकारी

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में शिविर के तीसरे दिन हरियाणा अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग से एएसफओ अक्षय मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने आग विभिन्न प्रकारों, आग लगने के विभिन्न कारणों एवं उनसे बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां के बारे में भी बताया। इसके साथ ही टीम द्वारा अग्निशामक यंत्र के उपयोग की पास तकनीक का व्यावहारिक प्रदर्शन किया तथा स्वयंसेवकों को फायर फाइटिंग टेंडर वैन के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी। जिला सामाजिक कल्याण विभाग से वेलफेयर ऑफिसर अमन ने एनएसएस स्वयंसेवकों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना, डॉ. बीआर अंबेडकर मेधावी छात्र योजना, नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल की जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थी प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक लॉ इंजीनियरिंग आदि विभिन्न पाठ्यक्रम के लिए उपलब्ध छात्रवृत्तियों का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# शिविर में 52 लोगों ने किया रक्तदान

- ग्लोब हेरिटेज में पूर्व महानिदेशक की पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में शुक्रवार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्कूल प्रबंधक समिति द्वारा पूर्व महानिदेशक स्वर्गीय दिनेश गोयल की पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित हुआ। शिविर में 52 समाज सेवियों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में मौजूद स्कूल की प्रधानाचार्य रीतु सिंगला ने बताया कि स्कूल परिसर में प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल, महासचिव संजीव अग्रवाल व सदस्य सारिका अग्रवाल के सहयोग से यह शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने स्वर्गीय दिनेश गोयल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रधान रंजना गोयल ने रक्तदाताओं को सम्मानित करने के पश्चात संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान करने से न केवल दूसरे व्यक्ति की जान को बचाया जा सकता है, बल्कि खुद के स्वास्थ्य को भी ठीक रखा जा सकता है। उन्होंने रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस रक्तदान शिविर में इंडस अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर अग्रवाल सभा महिला इकाई की प्रधान पूनम सिंघल, पूर्व प्रधान वीणा बंसल, पूर्व प्रधान नीला गर्ग, वीना अग्रवाल, मोहन गर्गए,अमित सिंघल, राजेश सरदाना, मनोज गुप्ता, सोमनाथ आदि मौजूद रहे।




**रादौर।** स्वर्गीय दिनेश गोयल को श्रद्धांजलि भेंट करते स्टाफ सदस्य।

### मेयर ने ट्विन सिटी के वार्ड 8 व 11 में विकास कार्यों का किया शिलान्यास

# विकास कार्यों में गुणवत्ता का रखें खास ध्यानः सुमन

**वार्ड 8 के मॉडल टाउन में 31 लाख 19 हजार से करवाया जाएगा गली और सड़क का निर्माण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्विन सिटी में लोगों को आधाभूत सुविधाएं मुहैया करवाए जाने के लिए नगर निगम द्वारा लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। यह जानकारी मेयर सुमन बहमनी ने शुक्रवार को ट्विन सिटी के वार्ड नंबर 8 व 11 में एक करोड़ 9 लाख 26 हजार रुपये की लागत से तैयार होने वाले चार विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए दी। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में विधायक घनश्याम दास अरोड़ा मौजूद रहे।

मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सरकार और नगर निगम मिलकर लगातार काम कर रहे हैं। जिससे शहर की आधारभूत सुविधाएं लगातार मजबूत हो रही हैं। इस अवसर पर निगम अभियंता मृणाल जैयसवाल, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन सग्गड़, मंडल अध्यक्ष मनोज धीमान, राहुल, प्रोमिला बक्शी, बलविंदर गधौली, कपिल दुआ व शिल्पा मेहता के अलावा कॉलोनी वासी विशेष रूप से मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** विकास कार्यों का शिलान्यास करती मेयर सुमन बहमनी।

#### गांव दड़वा में फिरनी पर होगा पक्के रास्ते का निर्माण

मेयर ने बताया कि वार्ड 8 के मॉडल टाउन क्षेत्र में लोगों की लंबे समय से सड़क और नालियों की समस्या को देखते हुए 31 लाख 19 हजार रुपये की लागत से मकान नंबर 313 से लेकर 319 तक सड़क व नालियों का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा मॉडल टाउन में माया राम फ्रूट की दुकान से लेकर घनश्याम दास मलिक के घर तक 17 लाख 98 हजार रुपये की लागत से नई सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड 11 में भी कई महत्वपूर्ण विकास कार्य शुरू किए जा रहे हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क के नवीनीकरण के लिए 17 लाख 33 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इसके साथ ही वार्ड 11 के दड़वा गांव में फिरनी से लेकर आशीष भट्टे तक 42 लाख 76 हजार रुपये की लागत से पक्के रास्ते का निर्माण कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### कोरपोरेट कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** उदयन शालिनी फेलोशिप, कुरुक्षेत्र द्वारा डॉ सुषमा शर्मा, कनवीनर कुरुक्षेत्र के मार्ग दर्शन में पेबिंगो प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से एक कोरपोरेट कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन उदयन केयर सेंटर सेक्टर 7 कुरुक्षेत्र में किया गया। इस सत्र में पे बिंगो के सीनियर स्ट्रेटजी ऑफिसर रणजीत ओक विशेष रूप से पुणे से आमंत्रित किए गए। उन्हें पिछले 40 वर्षों से कारपोरेट क्षेत्र का गहन अनुभव है ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई। उन्होंने शालिनियों को संप्रेषण, अभिवृति, समय मैनेजमेंट और स्मार्ट उद्देश्य जैसे आधारभूत कॉरपोरेट कौशल के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस कार्यशाला में 30 शालिनियों ने भाग लिया। सत्र के सफल संचालन में ट्रेनर गीतांजलि और प्रिंस शर्मा का विशेष सहयोग रहा। अंत में पूजा और सभी शालिनियों ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया।

### आयुष विवि में अस्थि-संधि व मर्म रोगों की ओपीडी शुरू

**कुरुक्षेत्र।** जोड़ों के दर्द, घुटनों का दर्द, साइटिका तथा मांसपेशियों की जकड़न से पीड़ित मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में कुलपति प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में शल्य तंत्र विभाग द्वारा अस्थि-संधि एवं मर्म रोगों की विशेष ओपीडी कमरा नंबर-46 में शुरू की गई है। आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ. राजा सिंगला ने बताया कि शल्य तंत्र विभाग द्वारा संचालित इस विशेष ओपीडी में जोड़ों का दर्द, घुटनों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द, साइटिका, मांसपेशियों की जकड़न तथा अन्य अस्थि-संधि संबंधी समस्याओं का आयुर्वेदिक सिद्धांतों के अनुसार उपचार किया जाएगा। बता दें कि इस विशेष ओपीडी में शल्य तंत्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजेंद्र सिंह चौधरी, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनामिका सेवाएं देंगी। डॉ. अनामिका ने बताया कि आयुर्वेद में मर्म चिकित्सा का विशेष महत्व है, जिसमें शरीर के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्य कर दर्द में शीघ्र राहत प्राप्त की जाती है। यह पद्धति रोग के मूल कारण को दूर करने में सहायक होती है और मरीजों को दीर्घकालिक लाभ प्रदान करती है।

## रसोई गैस के दामों में भी लगातार बढ़ोतरी से रसोई का बिगड़ रहा बजट

# रसोई गैस की किल्लत पर भाजपा सरकार बोल रही झूठ : मेवा सिंह

**सरकार के दावों के बावजूद आम लोगों को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मेवा सिंह ने क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रसोई गैस की भारी कमी बनी हुई है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा सरकार जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। सरकार गैस की उपलब्धता को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि हकीकत यह है कि आम लोगों को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है और उन्हें कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। मेवा सिंह ने कहा कि रसोई गैस की कमी का सबसे ज्यादा असर महिलाओं और गरीब परिवारों पर पड़ रहा है। घरों में खाना बनाने तक की समस्या खड़ी हो गई है। कई परिवारों को मजबूरी में लकड़ी और दूसरे पारंपरिक साधनों से खाना बनाना पड़ रहा है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार महंगाई बढ़ाने का काम कर रही है, जिससे आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है। पहले ही रोजमर्रा की जरूरत की चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं और अब रसोई गैस के दामों में भी लगातार बढ़ोतरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि गत दिनों महिला दिवस के अवसर पर गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये की बढ़ोतरी कर सरकार ने देश की गृहिणियों को जो ह्लतोहफाह्व दिया है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। मेवा सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी जनता के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी और जनता की आवाज को बुलंद किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन महासचिव पवन चौधरी, महासचिव टेक चंद बारना, पूर्व सरपंच दीपक मोरथला, प्रदीप बारना, मुकेश कुमार झिंझरपुर, जसमेर सिंह के इलावा कई कांग्रेस कार्यकतार्ओं उपस्थित रहे।



कुरुक्षेत्र। जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारवार्ता करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेवा सिंह एवं पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### जिले मे घरेलू एलपीजी की किसी प्रकार की नहीं है कमी :अनिल कुमार दून

**पिहोवा।** एसडीएम ने पिहोवा की सभी गैस एजेंसी के अधिकारियों को कहा कि जिले मे घरेलु एल.पी.जी की किसी प्रकार की कमी नहीं है व एजेंसियों पर घरेलू एल.पी.जी का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। एसडीएम अनिल कुमार दून शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय में गैस एजेंसियों के अधिकारियों के साथ एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले एसडीएम अनिल कुमार दून ने गैस एजेंसियों के अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अमले को भी जरूरी हिदायतें जारी कर दी गई है कि सभी जगह एल.पी.जी की उपलब्धता सुचारू रूप से सुनिश्चित करें और यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था एल.पी.जी की जमाखोरी या कालाबाजारी करते हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाए।

## 19 से 26 मार्च तक होगा सहस्त्र चंडी पूजन : गर्ग



कुरुक्षेत्र। माता शाकुम्भरी देवी मंदिर समिति के सदस्य बैठक में भाग लेते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

गांव बन मोड़ पर स्थित माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में होने वाले भव्य सहस्त्र चंडी पूजन व महायज्ञ की तैयारियों को लेकर मंदिर सेवा समिति की एक बैठक सरंक्षक हरबिलास गर्ग के कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान नरेश गर्ग ने की। बैठक में तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई व विभिन्न जिम्मेदारियां समिति सदस्यों को सौंपी गईं। प्रधान नरेश गर्ग ने बताया कि मंदिर में 19 मार्च से 26 मार्च तक सहस्त्र चंडी पूजन व महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र सहित आसपास के जिलों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य पूरी निष्ठा के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम के दौरान वेदाचार्यों द्वारा विधि-विधानपूर्वक सहस्त्र चंडी पाठ, हवन-यज्ञ, कन्या पूजन तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा श्रद्धालुओं के ठहरने, प्रसाद वितरण, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। बैठक में समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। मौके पर सरंक्षक हरबिलास गर्ग, सतप्रकाश शर्मा, सुमित गर्ग, भगवान दास अरोड़ा, विशाल गर्ग आदि रहे।

### मंडी के नवीनीकरण के लिए स्वीकृत किया बजट

**पिहोवा।** मार्केट कमेटी के चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच ने कहा कि मार्केटिंग बोर्ड की ओर से मंडी के नवीनीकरण के लिए लगभग 1 करोड़ 79 लाख 64 हजार रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। इस बजट से मंडी में सडकों और फर्श का नवीनीकरण सहित कई अन्य विकास कार्य किए जाएंगे। मार्केट कमेटी के चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच शुक्रवार को मार्केट कमेटी के अधिकारियों एवं सदस्यों की एक बैठक में मंडियों के विकास कार्यों को लेकर विचार विमर्श कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का प्रयास है कि मंडी में सीजन के दौरान किसानों और व्यापारियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

## सांसद नवीन जिन्दल ने थानेसर रेलवे स्टेशन के विकास को लेकर रेल मंत्री को लिखा पत्र

- दोनों ओर प्लेटफॉर्म और प्रवेश-निकास द्वार बनाने की उठाई मांग, यात्रियों की सुविधा बढ़ाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के थानेसर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर महत्वपूर्ण मांग उठाई है। सांसद ने अपने पत्र में अनुरोध किया है कि एलिवेटेड रेलवे ट्रैक पर बनाए जा रहे थानेसर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रैक के दोनों ओर प्लेटफॉर्म बनाए जाएं तथा स्टेशन के दोनों ओर प्रवेश और निकास द्वार भी स्थापित किए जाएं, ताकि यात्रियों को आवागमन में आसानी हो सके। सांसद ने पत्र में बताया कि कुरुक्षेत्र आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विश्वभर में प्रसिद्ध है। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और तीर्थयात्री यहां आते हैं। यह वही पवित्र भूमि है जहां भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को श्रीमद भगवद्गीता का उपदेश दिया था। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यहां प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है और उत्तर भारत के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजनों में से एक है।

### रेलवे स्टेशन के विकास से बढ़ेगी सुविधाएं



सांसद ने बताया कि थानेसर रेलवे स्टेशन कई प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों के निकट स्थित है, जिनमें ब्रह्म सरोवर, बिरला मंदिर, शेख चेहली का मकबरा, एलएनजेपी सिविल अस्पताल और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जैसे महत्वपूर्ण स्थान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि थानेसर स्टेशन ऐतिहासिक थानेसर शहर और तेजी से विकसित हो रहे नए शहरी क्षेत्रों के मध्य स्थित है। ऐसे में यह स्टेशन स्थानीय निवासियों और तीर्थयात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन केंद्र बन सकता है।

### डीएवी कॉलेज में एनएसएस शिविर लगाया

**पिहोवा।** डीएवी कॉलेज पेहवा की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में एक दिवसीय शिविर का आयोजन धूमधाम से सम्पन हुआ। शिविर का शुभारम्भ राष्ट्रीय सेवा योजना गीत से हुआ। उसके उपरांत ज्योत प्रज्वलन के माध्यम से माँ शारदा का आह्वान किया गया। इस एक दिवासिए शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर गुरिंदर सिंह हांडा, पूर्व प्राचार्य गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल, उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉक्टर सुमन लता द्वारा आए हुए अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह से किया। डॉक्टर गुरिंदर सिंह द्वारा स्वयंसेवकों को उनकी विशेष उपलब्धियां पर समृद्धि चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर उनको सम्मानित किया।

## ताऊ देवी लाल पार्क पिपली में बनेगा उच्च स्तरीय शौचालय : विश्राम कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ताऊ देवी लाल पार्क पिपली में नागरिकों की सुविधा के लिए एक और उच्च स्तरीय शौचालय का निर्माण किया जाएगा। इस पार्क में नागरिकों के लिए शहर करने तथा दौड़ लगाने के लिए आधुनिक ट्रैक का भी निर्माण किया जाएगा। इतना ही नहीं जरूरत के अनुसार पार्क में विकास कार्य भी करवाएं जाएंगे। अहम पहलू यह है कि उपायुक्त ने मौके पर ही विभागीय अधिकारियों जल्द से जल्द विकास कार्य करने के निर्देश भी दिए है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शुक्रवार को पिपली ताऊ देवी लाल पार्क में विशेष बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने ओपी जिंदल पार्क का निरीक्षण किया। यहां पर नागरिकों की सुविधा के अनुसार व्यवस्था ठीक पाई गई। इसके बाद उपायुक्त ने रेलवे रोड पर राजकीय प्राथमिक पाठशाला के साथ अन्य स्कूलों का अवलोकन किया और स्कूल के प्रधानाचार्य से विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाएं और शिक्षा की गुणवत्ता के बारे में फीडबैक ली।



कुरुक्षेत्र। ताऊ देवी लाल पार्क पिपली का निरीक्षण करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।




### अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल का शानदार वार्षिक परिणाम घोषित, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**पिहोवा।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम बड़े हर्षोल्लास के साथ घोषित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी मेधावी विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से मेडल व प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। समारोह में स्कूल की चेयरपर्सन, एमडी तथा प्रिंसिपल ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभिभावकों और शिक्षकों ने भी बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। चेयरपर्सन पूनम काहड़ा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने बताया कि बच्चों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग से ही यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है। एमडी जन्नत काहड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि आज के ये प्रतिभाशाली विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं। उन्होंने सभी बच्चों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## श्रीमद्भावत कथा में सुनाया वामन अवतार प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा बैरागी सभा द्वारा आयोजित सेक्टर-8 में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा भगवान विष्णु ने सतयुग में अपना पांचवा अवतार वामन का लिया था। भगवान वामन ऋषि कश्यप तथा उनकी पत्नी अदिति के पुत्र थे। अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को कहा कि भागवत कथा सुनने वाला मनुष्य सब पापों से मुक्त हो जाता हैं। समय समय पर भागवत कथा का ज्ञान मनुष्य को मिलते रहना चाहिए। जिससे हमारा समाज सद मार्ग के रास्ते पर चले। कथा को वृद्धि करते हुए कथा वाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा के अनुसार, राजा बली ने इन्द्र का देवलोक हड़प लिया था। इंद्र को देवलोक पर अधिकार दिलाने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया। इस अवसर पर सुशील चित्रा, संरक्षक हरियाणा बैरागी सभा, पंडित पुरुषोत्तम शर्मा, संदीप नैन, प्रवीण बैरागी, पंडित प्रथम शर्मा, सुरेन्द्र चोपड़ा, रविंद्र सिंह, अशोक कुमार गीता शर्मा, सुषमा देवी, वंश चित्रा, एवं अन्य श्रोता उपस्थित रहें।



कुरुक्षेत्र। कथा सुनाते भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री।



लाडवा। श्रीराम कथा का वर्णन करते पंडित अनिल पाराशर।

### राम नाम में अपार शक्ति : अनिल पाराशर

**लाडवा।** बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम में कांवड सेवादल द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के प्रथम दिवस का शुभारंभ मंगलाचरण से किया गया जिसमें भगवान गणेश, माँ सरस्वती, गुरु, शिव-पार्वती और सीता-राम की स्तुति की। कथा व्यास पंडित अनिल पाराशर ने मंगलाचरण के बाद राम नाम की महिमा का बखान किया। राम नाम की महिमा इतनी अपार है कि स्वयं भगवान राम भी उनके गुणों का पूरा वर्णन नहीं कर सकते। जीवन का आधार ही राम नाम है। राम सिर्फ एक नाम नहीं है। राम नाम सबसे बड़ा मन्त्र है। राम नाम की महिमा इतनी है कि भगवान सदाशिव शंकर भी राम नाम जपते रहते हैं। सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि, वायु सभी में जो शक्ति है वह राम नाम में समाहित है।

## नाथद्वारा में गीता सद्भावना यात्रा व गीता संगोष्ठी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा सरकार तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सौजन्य से आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत 14 मार्च 2026 को राजस्थान के पावन तीर्थ स्थल नाथद्वारा में गीता सद्भावना यात्रा एवं गीता संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम श्रीअखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, नाथद्वारा में आयोजित होगा, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वान, संत-महात्मा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु भाग लेंगे। इस अवसर पर श्रीमद्भगवद्गीता की सार्वभौमिक प्रासंगिकता, मानव जीवन में उसके आदर्शों और वर्तमान समय में उसके संदेश की उपयोगिता पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य गीता के पवित्र संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाना तथा युवाओं को गीता के आदर्शों से प्रेरित करना है। कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और गीता पाठ के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भगवद्गीता के दिव्य संदेश से अवगत कराएंगे। उनके द्वारा किया जाने वाला गीता पाठ कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण होगा, जिससे उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त होगी।

### हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक आज

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री कुरुक्षेत्र चैप्टर की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन शनिवार, 14 मार्च 2026 को पिपली रोड स्थित एक निजी होटल में किया जाएगा। चैंबर के चेयरमैन डा नरेंद्र पाल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में कुरुक्षेत्र क्षेत्र के उद्योगपतियों और व्यापारियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में वार्षिक कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी तथा सदस्यों द्वारा उद्योगों के सामने आ रही समस्याओं और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## श्री गुरु ग्रंथ साहिबजी को लेकर दिए गए विवादित बयान में प्रधान जगदीश सिंह दे इस्तीफा: जत्थेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

सिरसा के जीवन नगर में हुए धार्मिक कार्यक्रम में ठाकुर दलीप सिंह नामधारी द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को लेकर दिए गए विवादित बयान का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कार्यक्रम में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झिंडा और महासचिव अंग्रेज सिंह रानियां मौके पर उपस्थित थे। इस मामले का कड़ा संज्ञान लेते हुए एचएसजीपीसी के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य जत्थेदार सतपाल सिंह रामगढ़िया ने कहा कि जीवन नगर में हुए धार्मिक कार्यक्रम में ठाकुर दलीप सिंह नामधारी का वीडियो संदेश संगत सुनाया जा रहे था। इस वीडियो में ठाकुर दलीप सिंह नामधारी द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को एक किताब कहा गया और यह भी कहा कि अरदास के बाद पढ़े जाने वाला शब्द आज्ञा भई अकाल की, अंग्रेजों द्वारा एक साजिश घड़ी गयी है इसे नहीं पढ़ना चाहिए। लेकिन कार्यक्रम में मौजूद हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झिंडा और महासचिव अंग्रेज सिंह रानियां मौन रह कर गुरु साहिब की बेअदबी के बारे में सुन रहे थे।

## 15 व 16 मार्च को योगासन व खेल चुनौतियों पर होगी राष्ट्रीय संगोष्ठी

# पांचवां राष्ट्रीय योगासन खेल निर्णायक प्रशिक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वर्ल्ड योगासन के अध्यक्ष परम श्रद्धेय स्वामी रामदेव महाराज की प्रेरणा एवं गीता मनीषी श्रद्धेय स्वामी ज्ञानानंद के शुभाशीर्वाद से वर्ल्ड योगासन के निर्देशन में योगासन भारत के तत्वावधान में पांचवा राष्ट्रीय योगासन खेल कोच प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं सातवां राष्ट्रीय योगासन खेल निर्णायक प्रशिक्षण कार्यक्रम गीता ज्ञान संस्थानम् में आरंभ हो गए। कोच प्रशिक्षण 19 मार्च एवं निर्णायक प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 मार्च तक चलेंगे। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में पूरे भारतवर्ष से 60 प्रतिभागी कोच तथा 90 प्रतिभागी निर्णायक के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं योगासन भारत के महासचिव एवं हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने योग, प्राणायाम एवं ध्यान साधना सत्र से प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योगासन भारत के ई. सी. सदस्य रोहित कौशिक, हरियाणा योगासन खेल संघ के सचिव युद्धवीर सिंह, योगासन भारत के सपोर्ट्स कंसलटेंट श्रेयस मार्कंडेय, टी एस आर कोऑर्डिनेटर अनुज कौशिक, एजुकेशन एवं ट्रेनिंग कमेटी के संयोजक अंश चौधरी, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, सोनीपत के स्ट्रैंथ एवं कंडीशनिंग एक्सपर्ट अश्विनी पी, पंजाब योगासन खेल संघ के सचिव विपिन दीप इत्यादि ने विभिन्न विषयों पर सत्र लेकर प्रशिक्षणार्थियों को निर्णायक व कोच की भूमिका निभाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण बहुत बारीकी से दिया। 15 से 16 मार्च तक योगासन खेल - चुनौतियां एवं अवसर विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जा रही है जिसमें भारतवर्ष के विभिन्न क्षेत्रों से विशिष्ट विद्वान अपने-अपने व्याख्यान देंगे।



प्रशिक्षण शिविर में योगासन भारत के महासचिव एवं हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य शिविर प्रतिभागियों के साथ योगाभ्यास करते हुए।

### योगासन खेल संघ के मीडिया प्रभारी करेंगे शुभारंभ

हरियाणा योगासन खेल संघ के मीडिया प्रभारी एवं हरियाणा योग आयोग के प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100 दिन पूर्व काउंटडाउन के कॉमन योग प्रोटोकॉल कार्यक्रमों का भी आज हरियाणा योग आयोग की ओर से अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य द्वारा शुभारंभ किया गया।

## कालपी में हुई देर रात वारदात, कैंटर में भैंसें भरकर फरार हो रहे थे चोर

# भैंस चोरी का विरोध पड़ा भारी पशुपालक की हत्या, बुजुर्ग घायल

### वारदात के बाद पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

गांव कालपी में गुरुवार देर रात पशु चोरी की एक वारदात के दौरान पशु पालक की हत्या हो गई। चोरों ने भैंस चोरी का विरोध करने पर पशुपालक पर घातक हमला किया था। वारदात के दौरान एक अन्य बुजुर्ग को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस वारदात के बाद पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस, डीएसपी बराड़ा तथा अन्य पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस के केस दर्ज कर हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के इलाकों में भी आरोपियों की तलाश में छानबीन कर रही है।वारदात में घायल हुए राम रत्न (70 वर्ष) ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। उसका घर गांव की आबादी के बीच में है, जबकि पशुओं का बाड़ा गांव की फिरनी पर कालपी–नोहानी रोड के पास स्थित है। रोजाना की तरह वह पशुओं की देखभाल के लिए रात को बाड़े में ही सो जाता है।राम रत्न ने बताया कि 12 मार्च की रात करीब 9 बजे वह घर से खाना खाकर पशुओं के पास गया। वहां उसने भैंसों को चारा डाला और बाड़े का गेट बंद करके सो गया। रात करीब 1 बजे उसे अचानक बाड़े का गेट खुलने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर उसकी आंख खुल गई। जब वह उठकर देखने लगा तो उसने देखा कि कुछ युवक बाड़े के अंदर घुस आए थे और उसकी भैंसों की रस्सियां खोलने की कोशिश कर रहे थे।





मुलाना। वारदात के बाद गांव में जमा लोगों की भीड़ व मौके पर पड़ी वारदात में इस्तेमाल गंडासी। जयदयाल की लाश की जांच करती पुलिस।

### ग्रामीण की मौत, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

जब राम रत्न ने उनसे पूछा कि वे कौन हैं तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। राम रत्न के अनुसार एक युवक ने अपने हाथ में पकड़ी गंडासी से उसके सिर और माथे पर जोरदार वार किया, जबकि अन्य युवकों ने डंडों से उस पर हमला करना शुरू कर दिया। अचानक हुए इस हमले से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने खुद को बचाने के लिए जोर-जोर से बचाओ-बचाओ का शोर मचाया। शोर सुनते ही आरोपी मौके से भागने लगे। इसी दौरान राम रत्न ने हिम्मत दिखाते हुए एक हमलावर के हाथ से गंडासी छीन ली। आरोपी बाड़े से निकलकर सड़क की ओर भागे, जहां एक लाल रंग का कैंटर (नंबर एचआर-68A-4222) पहले से खड़ा था। आरोपी उसी कैंटर में बैठकर भागने लगे। राम रत्न ने बताया कि गुस्से में उसने छिनी हुई गंडासी कैंटर की ओर फेंक दी, जो ड्राइवर साइड के शीशे पर जाकर लगी और शीशा टूट गया। इसके अलावा उसने सड़क पर पड़े ईंट-पत्थर भी कैंटर की ओर फेंके। इस दौरान उसने देखा कि कैंटर में पहले से ही दो भैंसें लदी हुई थीं। शोर सुनकर राम रत्न का भाई रामेश्वर भी मौके पर पहुंच गया। रामेश्वर ने कैंटर का नंबर एचआर-68A-4222 नोट कर लिया। इसके बाद आरोपी कैंटर लेकर मौके से फरार हो गए।घटना के बाद घायल राम रत्न को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। सुबह जब वह सिविल अस्पताल अम्बाला कैंट में था, तब उसे पता चला कि कैंटर में लदी हुई भैंसें उसके पड़ोसी जय दयाल की थी। आरोप है कि पशु चोरों ने पहले जय दयाल पर हमला कर उसकी भैंसें चोरी की थीं।हमले में गंभीर रूप से घायल जय दयाल को भी अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन ज्यादा चोटें लगने के कारण उसकी मौत हो गई। जय दयाल की मौत की खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और लोगों में भारी रोष फैल गया।घायल राम रत्न ने पुलिस को बताया कि वह हमलावरों को सामने आने पर पहचान सकता है, क्योंकि उसने उन्हें सड़क पर खड़े वाहन की रोशनी में साफ देखा था। उसके अनुसार सभी आरोपी युवा थे। संगठित तरीके से पशु चोरी की वारदात को अंजाम देने आए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और कैंटर नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पशु चोरी की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जाए और गांवों में रात के समय गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### हाइवे पर पलटी पिकअप

वारदात के बाद बदमाश भैंसों को पिकअप में लादकर भाग गए, लेकिन गाड़ी हाईवे पर पलट गई। इसके बाद तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि तब तक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों के रास्ते फरार हो गए। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि ये बदमाश पहले भी इन वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी भी चोरी की थी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही घायल बदमाश गाड़ी छोड़कर खेतों की तरफ भाग निकले।

### पशुओं के पास ही सोते थे पशुपालक

कालपी गांव के सरपंच रिंकू ने कहा कि जयदयाल हमेशा पशुओं के पास ही सोते थे। बदमाशों ने बेरहमी से उनकी जान ली और भैंसें ले गए। गाड़ी पलट जाने से भैंसे तो मिल गई, लेकिन जयदयाल की जान नहीं बची। वारदात की सूचना मिलते ही डीएसपी बराड़ा सुरेश शर्मा और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल भेजा।डीएसपी सुरेश कुमार ने बताया कि हत्या के बाद ग्रामीणों के पीछे पड़ने पर हमलावरों का कैंटर डिवाइडर के टकराने से पलटा था। प्राथमिक जांच में कैंटर का असल मालिक कोई ओर है। नारायणगढ़ से यह कैंटर चोरी हुआ था। उसी कैंटर को हमलावर भैंस चुराने के लिए कर रहे थे ताकि पकड़े जाने पर उसे छोड़कर भाग सके।



शहजादपुर। मीटिंग में मौजूद कारोबारी व अधिकारी।

# गेहूं और सरसों खरीद के लिए तैयारी करें अधिकारी

*मार्केट कमेटी के चेयरमैन ने अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

मार्केट कमेटी की बैठक मार्केट कमेटी के अध्यक्ष गोपाल मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक के उपरांत मार्केट कमेटी अध्यक्ष गोपाल मित्तल ने बताया कि बैठक में सबसे पहले पिछली बैठक की कार्रवाई की पुष्टि की गई। इसके साथ ही मार्केट कमेटी की आय-व्यय से संबंधित विवरण की भी पुष्टि की गई तथा विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए उनकी समीक्षा की गई।उन्होंने बताया कि बैठक में मार्केट कमेटी के आगामी बजट वर्ष 2026-27 को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

इसके अलावा कृषि कार्य करते समय दुर्घटनाग्रस्त होने वाले किसानों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता से संबंधित मामलों पर भी चर्चा की गई।मित्तल ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल्द ही मंडी में सरसों और गेहूं की खरीद शुरू होने वाली है, इसलिए मंडी परिसर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने विशेष रूप से मंडी में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि अपनी फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि मंडी में 27 मार्च से सरसों की खरीद तथा 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होगी। इसके लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में वाइस चेयरमैन जगदीप राणा, सदस्य अश्वनी अग्रवाल, हरप्रीत सिंह, मुकेश सैनी, दिलबाग सिंह, ओम प्रकाश, सोहन सिंह, तरसेम सिंह, गुरमुख सिंह, सुभाष, दर्शन लाल, रामेश्वर दास, राकेश वर्मा, राजु पंडित, मार्केट कमेटी सचिव तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरी करने के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने तत्परता करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी कांशी व टिंकू को कालका चौक से गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ओमबीर ने 12 मार्च 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी कांशी व टिन्कु ने जग्गी कॉलोनी फेस-3 कंपनी गोदाम से पुरानी व नई 100/150 मीटर की तार के तीन बंडल, दो लाईटें, बरेक्ट पाइप के 12 पीस, कलेंप के तीन गुच्छे इत्यादि सामान चोरी किया है।

### मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज आपराधिक षडयंत्र रचकर जान से मारने की नीयत से अपहरण करके मारपीट करते हुए चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मनदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### धमकी देने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी जगदीश सिंह को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता अजय कुमार ने शिकायत में कहा था की 11 मार्च को तारा नगर पेट्रोल पंप के पास आरोपियों ने उससे व उसके परिजनों से मारपीट करते हुए उन्हें चोटें पहुंचाई हैं।

# रंगिया मंडी राजकीय स्कूल में नए कमरों के निर्माण के लिए 50 लाख रुपये जारी

- मंत्री अनिल विज ने स्वैच्छिक कोष से जारी किया फंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने अंबाला छावनी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रंगिया मंडी में नए कमरों के निर्माण 50 लाख रुपये की राशि अपने स्वैच्छिक कोष से जारी की है। विज द्वारा यह राशि जारी करने पर नगर परिषद अंबाला सदर के उपाध्यक्ष व स्थानीय सदस्य ललता प्रसाद, रंगिया मंडी स्कूल की प्रिंसिपल कविता जैन के अलावा स्कूल से संजीव कुमार, आशीष कुमार, देवेंद्र कुमार, भगवंत सिंह क्षेत्रवासियों ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज का आभार जताया है। रंगिया मंडी स्कूल में 12वीं तक कक्षाएं संचालित हो रही हैं। स्कूल में लगभग 400 विद्यार्थी पढ़ते हैं। विद्यार्थियों के बैठने के लिए कम स्थान होने की वजह से नए कमरों का निर्माण किया जाएगा जिसका सैकड़ों विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि इससे पहले बीते वर्ष ऊर्जा मंत्री अनिल विज द्वारा रामबाग रोड और बीसी बाजार में स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कायाकल्प व मरम्मत के लिए क्रमशः 50-50 लाख रुपए यानि कुल एक करोड़ रुपये जारी किए थे।



अंबाला। मंत्री अनिल विज का आभार जाते नगरपरिषद के वाइस चेयरमैन व

# असफलता से सीख, मेहनत से जीत है कामयाबी का मंत्र

- यूपीएससी की परीक्षा पास करन वाले सुहासिनी मित्तल ने युवाओं को दिया कामयाबी का मूलमंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में 413 वां स्थान प्राप्त कर सुहासिनी मित्तल ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

सुहासिनी मित्तल यहां क रहने वाले संजीव मित्तल की पुत्री हैं। उनकी इस सफलता पर परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों और क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। बातचीत के दौरान सुहासिनी मित्तल ने बताया कि यह उनका तीसरा प्रयास था। उन्होंने कहा कि यूपीएससी सिविल सेवा जैसी कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद उन्हें काफी राहत और संतोष महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे उनके परिवार का बहुत बड़ा योगदान है, जिन्होंने हर परिस्थिति में उनका हौसला बढ़ाया और आगे बढने के लिए प्रेरित किया। सुहासिनी ने बताया कि तैयारी के दौरान उन्होंने सोशल मीडिया से लगभग दूरी बनाए रखी। उन्होंने कहा कि उनके इंस्टाग्राम और फेसबुक पर तो अकाउंट भी नहीं हैं। वह केवल टेलीग्राम का उपयोग पढ़ाई से जुड़े लेक्चर देखने, अध्ययन सामग्री प्राप्त करने और क्लासेस से संबंधित कम्युनिकेशन के लिए करती थीं। उनका मानना है कि सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई पर फोकस करना सफलता के लिए बेहद जरूरी है।

उन्होंने कहा कि यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षा में परिवार का सहयोग और सकारात्मक माहौल बहुत महत्वपूर्ण होता है। इस सफर में उनकी माता, पिता और भाई ने हर कदम पर उनका साथ दिया और हमेशा उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता, पिता, अपनी दादी, चाचा तथा परिवार के अन्य सदस्यों के आशीर्वाद को भी दिया।

### एकाग्रता और लगन के साथ पढ़ाई करें

सुहासिनी मित्तल ने बताया कि उन्होंने 12 वीं तक की शिक्षा क्षेत्र क ब्लू बेल्स स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से ग्रेजुएशन की। वह गणित विषय में गोल्ड मेडलिस्ट रहीं। उन्होंने आगे की पढ़ाई करते हुए आईआईटी मुंबई से पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की। सुहासिनी मित्तल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जो युवा यूपीएससी या अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें पूरी एकाग्रता और लगन के साथ पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश असफलता मिलती है तो घबराना या निराश होना नहीं चाहिए। असफलता से सीख लेकर दोबारा प्रयास करना चाहिए, क्योंकि निरंतर मेहनत और दृढ़ संकल्प से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए और उसी दिशा में निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।



### पोस्टर मेकिंग में नंदिनी रही प्रथम

**अंबाला।** एमडीएसडी कॉलेज के लाइब्रेरी और कॉमर्स विभाग के तत्वावधान में एनडीएलआई क्लब के सहयोग से "ड्रग्स को कहें ना जीवन अपनाएँ" थीम पर 13 मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे कॉलेज परिसर में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं के प्रतियोगिता में नंदिनी रही प्रथम, अमृत रहा द्वितीय व नेहा ने पया तृतीय स्थान इस प्रतियोगिता के संरक्षक डॉ. सीमा सिंघल (प्राचार्या) थीं, जबकि कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सीमा अग्रवाल, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं सेक्रेटरी, एनडीएलआई क्लब तथा डॉ. कौशल चौहान, लाइब्रेरियन एवं प्रेसिडेंट, एनडीएलआई क्लब, एमडीएसडी कॉलेज द्वारा किया गया। प्राचार्या डॉ. सीमा सिंघल ने अपने संदेश में कहा कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना समय की बड़ी आवश्यकता है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। डॉ. कौशल चौहान ने कहा कि रचनात्मक गतिविधियाँ छात्रों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ सामाजिक मुद्दों के प्रति उनकी संवेदनशीलता भी बढ़ाती हैं और पोस्टर के माध्यम से दिया गया संदेश समाज में जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम बनता है।

# विदेशी ट्रिप का लालच देकर 29 निवेशकों से 90 लाख ठगे, पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विदेश के ट्रिप का लालच देकर व शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 29 लोगों से 90 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के खिलाफ केस दर्ज हुआ। आरोपियों ने पहले लोगों का भरोसा जीतकर दो महीने मुनाफा दिया और फिर पूरी रकम लेकर भाग गए।

अंबाला कैंट थाना पुलिस ने पल्लेदार मोहल्ला के श्याम कुमार की शिकायत पर दिल्ली निवासी विनोद शर्मा, मुजफ्फरनगर निवासी योगेश कुमार व घरौंडा निवासी अजय कुमार पर केस दर्ज किया है। श्याम कुमार सहित 29 निवेशकों ने बताया कि नवंबर 2024 में आरोपी अंबाला कैंट के क्लोव-99 रेस्तरां में मिले थे। आरोपियों ने खुद को ट्रेडिंग एक्सपर्ट बताते हुए 15 फीसदी मासिक मुनाफे का झांसा दिया। विश्वास में लेने के लिए उन्होंने निवेशकों को थाइलैंड का ट्रिप भी दिया और शुरुआत के दो महीने होटल में मुनाफा भी वितरित किया। फरवरी 2025 से आरोपियों ने मुनाफा देना बंद कर दिया था। फोन तक उठाने छोड़ दिए थे। जब पीड़ितों ने आरोपियों के दिल्ली स्थित पते पर पता किया तो वह भी फर्जी निकला। उल्टा आरोपी अब पीड़ितों को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं।

### ठेकदार 3.13 लाख रुपये लेकर फरार

**अंबाला।** नारायणगढ़ के जटवाड़ स्थित ओएसिस इथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड का ठेकेदार 3.13 लाख की राशि लेकर भाग गया। यह धनराशि कर्मचारियों को दी जाने वाली थी। कंपनी के उप महाप्रबंधक अजय तोमर की शिकायत पर पंजोखरा थाना पुलिस ने ठेकेदार अनिल सिंगला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आरोपी पर कर्मचारियों के लिए दी गई राशि हड़पने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। कंपनी के डीजीएम अजय तोमर ने बताया कि आरोपी अनिल सिंगला नार्थ कांट्रेक्टर के नाम से कंपनी में मैनपावर यानी मजदूर उपलब्ध करवाने का काम करता था।



### 'माटी की खुशबू म्हारे गांव की'

**चंडीगढ़।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन नॉर्थ ज़ोन कल्चरल सेंटर (एनज़ेडसीसी) द्वारा आयोजित चार दिवसीय 'रागिनी उत्सव-26' के दूसरे दिन कलाग्राम का ओपन-एयर थिएटर कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही दर्शकों से खचाखच भर गया। कार्यक्रम में चंडीगढ़ नगर निगम की डिप्टी मेयर सुमन शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के संयुक्त निदेशक और संस्कार भारती (उत्तर भारत) के प्रमुख नवीन शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मंथन आर्ट एंड थिएटर सोसायटी, चंडीगढ़ द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक "प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ" से हुई। इस नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। इसके बाद कार्यक्रम संगीतमय हो गया, जब प्रसिद्ध रागिनी गायक ओम प्रकाश बाली शर्मा और उनकी टीम ने मंच संभाला। उन्होंने अपनी लोकप्रिय रागिनी "धरती हरियाणा की वीरों की, यो धरम-करम की थाती सेङ्ग" जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। इसके बाद रागिनी गायक सतवीर (कैप्टन बिशनिया) और उनकी पार्टी ने एक के बाद एक शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# ऑनलाइन करवाएं गैस सिलेंडर की बुकिंग एजेंसी कार्यालयों पर न जमा हो भीड़

- जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक ने जनता से की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सभी घरेलू गैस उपभोक्ता को गैस सिलेंडर की बुकिंग हेतु गैस एजेंसी में न जाकर केवल अपने मोबाईल फोन व आनलाइन के माध्यम से ही गैस बुकिंग करवाने के निर्देश दिए गए हैं। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियन्त्रक निशांत राठी ने जनता के अफवाहों से बचने, आपसी भाईचारा व धैर्य बनाए रखने बारे कहा तथा अपील की है कि गैस सिलेंडरों का अनावश्यक भंडारण न किया जाए।

जिला में सभी गैस एजेंसियों पर पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता है। घरेलू गैस सिलेंडर की जमाखोरी को रोकने के लिए तेल कपनियों द्वारा गैस डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नए गैस सिलेंडर की बुकिंग स्वीकार की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत उपभोक्ता को गैस डिलीवरी हेतु अनिवार्य कर दी गई है।यदि किसी भी गैस उपभोक्ता को गैस सिलेंडर बुकिंग के पश्चात गैस सिलेंडर डिलीवरी से कोई भी शिकायत है तो वह बीपीसीएल टोल फ्री नं-1800-22-4344, आईओसीएल टोल फ्री नं-1800-2333-555 तथा एचपीसीएल टोल फ्री नं-18002333-555 पर संपर्क करके अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी बोले गैस व तेल का पर्याप्त स्टॉक

# एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, अफवाहों पर ध्यान न दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

एसडीएम शिवजीत भारती ने गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रसोई गैस उपभोक्ताओं को एलपीजी गैस मिलने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए और सभी उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जाएं।

बैठक के दौरान गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों ने एसडीएम को अवगत कराया कि क्षेत्र में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है और गैस कंपनियों द्वारा मांग के अनुसार आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि कुछ लोग अफवाहों के कारण अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर ले रहे हैं, जबकि उन्हें इसकी तत्काल आवश्यकता भी नहीं है। एसडीएम शिवजीत भारती ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि एलपीजी गैस उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस उपलब्ध करवाई जाए तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे अफवाहें न फैलाएं और न ही उन पर ध्यान दें। सरकार इस विषय पर पूरी तरह सतर्क है।

उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रही युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण घरेलू एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बाधित होने की जो अफवाहें फैलाई जा रही हैं, वे पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपमंडल में घरेलू एलपीजी गैस व पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और नियमित रूप से जारी है।



शहजादपुर। एसडीएम गैस एजैंसी के प्रतिनिधियों को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए।

### कालाबाजारी या जमाखोरी पर होगी कार्रवाई

एसडीएम ने पुलिस तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि यदि कहीं कालाबाजारी या जमाखोरी की शिकायत मिलती है तो उस पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। उधर गैस एजेंसी के प्रतिनिधियों ने बताया कि रसोई गैस उपभोक्ता एलपीजी गैस सिलेंडर बुक करने के लिए 77150 12345 या 77180 12345 टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा व्हाट्सएप नंबर 1800224344 पर मैसेज भेजकर भी सिलेंडर बुक कराया जा सकता है। जिन उपभोक्ताओं ने अपने रसोई गैस कनेक्शन की केवाईसी नहीं करवाई है, वे गैस एजेंसी कार्यालय में जाकर या बीपीसीएल एप के माध्यम से केवाईसी करवा सकते हैं, ताकि भविष्य में गैस सिलेंडर प्राप्त करने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। राष्ट्रीय गैस एजेंसी से संबंधित जानकारी के लिए टेलीफोन नंबर 01734-286999 तथा 01734-287099 पर संपर्क किया जा सकता है, जबकि एचएलआरडीसी गैस एजेंसी से संबंधित जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9728916774 पर संपर्क किया जा सकता है। सहायक खाद्धय एवं आपूर्ति अधिकारी विनय ने कहा कि उपमंडल में घरेलू एलपीजी गैस के साथ-साथ डीजल व पेट्रोल की आपूर्ति भी पूरी तरह सामान्य है।